नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

## हिंदी विश्वविद्यालय में स्वच्छता की शपथ ग्रहण

वर्धा, दि. 08 अगस्त 2019 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में 8 से 14 अगस्त तक स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसका प्रारंभ गुरुवार को स्वच्छता की शपथ लेकर किया



गया। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में दोपहर कुलपति प्रो.रजनीश कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मी तथा विद्यार्थियों ने स्वच्छता की शपथ ली। शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो.मनोज कुमार ने स्वच्छता की शपथ दिलाई।

स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत 9 अगस्त को अनुवाद विद्यापीठ परिसर, 10 अगस्त को गोरख पांडे एवं बिरसा मुंडा छात्रावास, 11 अगस्त को भगत सिंह एवं सुखदेव छात्रावास, 12 अगस्त को सावित्रीबाई फुले छात्रावास, न्यू फैकल्टी महिला छात्रावास, 13 अगस्त को समस्त विद्यापीठ, 14 अगस्त को कबीर हिल



परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। अभियान में शामिल होने का आहवान कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल ने अपने संबोधन में किया।